## युवक की सड़क हादसे में मौत

**करौली-** (नि.स.) दीपावली पर पुणे से अपने घर लौट रहे एक युवक की करौली-गंगापुर मार्ग स्थित रुंडी का बालाजी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक की मौत से दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई। युवक का शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। कुड़गांव थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुड़गांव थाना एएसआई हरकेश ने बताया कि करसाई थाना क्षेत्र के बामनपुरा गांव निवासी मुकेश (29) पुत्र रामजीलाल पुणे में पत्थर घिसाई और टाइल्स लगाने का काम करता था। दीपावली के त्योहार के चलते गुरुवार को शाम पुणे से रेल द्वारा गंगापुर पहुंचा और गंगापुर से अपनी बहन की मोटर साईकिल लेकर बामनपुरा गांव लौट रहा था। इस दौरान करौली-गंगापुर मार्ग स्थित कुड़गांव से पहले रुंडी का बालाजी के पास राम करीब 8:00 बजे मोटरसाईकिल बेकाबू होकर फिसल गई। जिससे मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मुकेश को गंभीर हालत में इलाज के लिए करौली अस्पताल लाया गया। जहां युवक मौत हो गई। पुलिस ने करौली अस्पताल में शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव मृतक के भाई हरिमोहन के सुपुर्द कर दिया है। कुड़गांव थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

# ब्राह्मण समाज की एक दर्जन से अधिक प्रतिभाओं का किया सम्मान



हिण्डौन सिटी में ब्राह्मण समाज की एक दर्जन से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया।

■ आगामी 1 मार्च को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का किया विमोचन

**हिंडौन सिटी ।** ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी का दीपावली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को पंडित चौखे पैराडाइज एवं रिसोर्ट झारेडा रोड पर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता वासुदेव शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी द्वारा की गई।

इस दौरान सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी के चित्रपट के समक्ष मंचासीन अतिथि ओम प्रकाश पाठक, शीतल शुक्ला, ओम प्रकाश मामू, गोपाल शर्मा जगर वाले, रामनिवास शर्मा खेड़ी वाले, शिवदयाल शर्मा, हरिओम शर्मा, पूरण लवानिया, राम पंडा, महेश शर्मा, वेद प्रकाश चतुर्वेदी, ज्योति सहरिया आदि ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया और वैदिक मंत्र उपचारण पुष्पेंद्र पाठक द्वारा किया गया। कायर्क्रम में ब्राह्मण माज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा द्वारा मंच पर आसीन अतिथियों का भगवान परशुराम के अंगवस्त्र डालकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात ब्राह्मण समाज हिंडौन की ओर से प्रति माह वितरित की जाने वाली विधवा महिलाओं को पेंशन राशि वितरित की गई। जिसमें कल 22 महिलाओं को पेंशन राशि दी गई। इसके पश्चात समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिसमें दीक्षा शर्मा लिपिक न्याय विभाग, रवि शर्मा कनिष्ठ अभियंता एसएससी, अंकुर चतुर्वेदी रेडियोठााफर, रॉबिन चतुर्वेदी नर्सिंग ऑफिसर, विक्रांत वशिष्ठ वायु सुरक्षा अधिकार नई दिल्ली, अंशुमान वशिष्ठ आरजेएस, अभय शर्मा लेखाकार, देवेंद्र शुक्ला अनुभाग अधिकारी शासन सचिवालय जयपुर, प्रदीप भारद्वाज नर्सिंग ऑफिसर, गौरव सहरिया पटवारी, देवेंद्र कुमार शर्मा सूचना सहायक, दीपेश सहारिया गोल्ड मेडलिस्ट ताइक्वांडो, जितेंद्र शर्मा शुभम शांडिल्य साइंटिस्ट बी सी डॉट नई दिल्ली आदि प्रतिभाओं का सम्मान ब्राह्मण समाज के द्वारा किया गया । इसके बाद ब्राह्मण समाज लालसोट से पधारे गिर्राज प्रसाद अध्यक्ष एवं उनके कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान ब्राह्मण समाज हिंडौन के द्वारा किया गया। ब्राह्मण समाज लालसोट द्वारा 1 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी ब्राह्मण समाज हिंडौन के मंच पर किया गया। साथ ही मुकेश तिवारी ब्रह्मवाद हरिमोहन पाराशर भरतपुर जिला अध्यक्ष का भी अभिनंदन किया गया। मंच संचालन ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी के महामंत्री मनजीत मुद्गल द्वारा किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा कार्यक्रम में भाग लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मीडिया कर्मी बन्धुओं का भी ब्राह्मण समाज हिंडौन की ओर से सम्मान किया गया और कार्यक्रम के अंत में अन्नकूट प्रसादी सभी बंधुओ द्वारा ठाहण की गई । इस कार्यक्रम में सुरेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष सुरेंद्र शांडिल्य, रमेश पाराशर वैध, श्रीनिवास शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, महेश शर्मा, शांति दत्तात्रेय, महेश तिवारी, गौरव शर्मा, लोकेंद्र शर्मा, फानेंद्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा, मनोहर लाल पाठक, हरि ओम पाठक, संजय पंडा, वेद प्रकाश शर्मा, नरेंद्र बाबा, धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### गोवर्धन महाराज की पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

**हिंडौन सिटी ।** पंचपर्व का दूसरा दिन गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना में बीता जिसमें घर-घर गिरिराज जी महाराज की जय कारे गूंजे उल्लेखनीय की देशभर में पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाए जाने वाले पांच पर्व मैं दीपोत्सव के दौरान प्रतिपदा के दिन गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना की परंपरा है। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ यह पर्व आज तक देश भर में उसी उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसमें लोग गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। इस दिन घर-घर में गोवर्धन की पूजा की जाती है। ठाामीण क्षेत्रों में यह सामूहिक रूप से पूजा अर्चना का रिवाज है । जिसमें दर्जनों परिवारों के सैकड़ो लोग एक साथ पूजा करते हैं। इस दौरान जगदीश धाम कैमरी के पुल की ढाणी में गिर्राज पटेल परिवार द्वारा गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। सुठाीव सरपंच कैमरी ने बताया कि ठाामीण महिलाओं ने गोबर से गोवर्धन महाराज का प्रतीक चिन्ह बनाया जो गोवर्धन महाराज की सजीव झांकी के रूप में लग रहा था । इस दौरान सभी ने भगवान से क्षेत्र में खुशहाली की कामना की । रजन पटेल, विशन पटेल ने बताया कि सभी परिवारजनों ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा की, इस अवसर पर मानसी गंगा श्री हर देव, गिरवर की परिक्रमा दे और गोवर्धन महाराज के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया । इस अवसर पर गिर्राज पटेल परिवार के रजन पटेल, विशन पटेल, सुठाीव सरपंच, शीशराम खटाना, सियाराम गुर्जर, महाराज सिंह, रामदयाल, रामहरि, अतरसिंह पटवारी, भीमसिंह, रामनरेश, सुमरन, सत्ती, महेन्द्र, इंजी. भूपेन्द्र अधैत, दीपेन्द्र, अवदेश, प्रदीप, मनोज, मनीष, रोहित, पंकज, प्रभात, जसवंत सहित अनेक ग्रामीण शामिल हुए ।

### फूल बंगला का किया आयोजन

**करौली ।** राज्य सरकार की बजट वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के क्रियान्वयन के क्रम में दीपावली पर पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर विशेष साज-सज्जा व आरती कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे है। देवस्थान विभाग के निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दीपावली के पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर करौली जिले में स्थित राजकीय आत्मनिर्भर श्रेणी के 14 मंदिरों में विशेष रोशनी,लाईट डेकोरेशन,रंगोली,माण्डने,फूल बंगला श्रृंगार, विशेष साज-सज्जा कराए गए। इस दौरान प्रत्येक मंदिरों में आरती कार्यक्रम के बाद विशेष प्रसाद वितरण व अन्नकूट महोत्सव के आयोजन किए भी किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने फूल बंगला झांकी के दर्शन कर मनौतियां मांगी। वहीं श्रद्धालुओं ने अन्नकूट महोत्सव में प्रसादी जीमी। पंचपर्व का दूसरा दिन गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना में बीता जिसमें घर-घर गिरिराज जी महाराज की जय कारे गूंजे उल्लेखनीय की देशभर में पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाए जाने वाले पांच पर्व मैं दीपोत्सव के दौरान प्रतिपदा के दिन गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना की परंपरा है। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ यह पर्व आज तक देश भर में उसी उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसमें लोग गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। इस दिन घर-घर में गोवर्धन की पूजा की जाती है।

### भगवान महावीर 2551 वां निर्वाण महोत्सव

**भरतपुर,**(निस)। जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर, वर्तमान जिनशासन नायक भगवान महावीर स्वामी के 2551 वें निर्वाण दिवस पर श्री दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति गायत्री नगर महारानी फार्म के तत्वावधान में 1 नवंबर 2024 प्रातः 7.30 पर भक्ति भाव के साथ व धार्मिक क्रियाओं के साथ निर्माण लाडू चढ़ाया गया। मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा के अनुसार सर्वप्रथम प्रातः 6.15 कलशाभिषेक, शांति धारा, पूजन तत्पश्चात सामूहिक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। प्रथम अभिषेक, शांति धारा निर्वाण लाडू चढाने का सौभाग्य डॉ मनोज जैन डॉ अनीता जैन वैद्य बस्सी वाला परिवार को प्राप्त हुआ। सांयकाल सामूहिक महा आरती, दीप चढ़ाकर दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण जैन समाज के पुरुष-महिला बालक-बालिकायें मंदिर में एकत्रित हुए साथ में मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी, गणमान्य महानुभाव, राजस्थान जैन सभा के संयुक्त मंत्री मुकेश सोगानी, युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, पुलक मंच की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या, दिगम्बर जैन सोशल ठाुप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला व विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित हुए। समस्त मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य पंडित अजीत शास्त्री सांगानेर द्वारा कराई गई। संचालन मंदिर प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह द्वारा किया गया।

### अन्नकूट प्रसादी भंडारा में उमड़े ग्रामीण

**हलैना** (निस)। कस्बा हलैना में आधा दर्शन से अधिक धार्मिक स्थलों पर अन्न कूट महोत्सव मनाया गया। श्री बांके बिहारी गऊघाट मंदिर पर से शांति स्वरूप फाउंडेशन के द्वारा अन्न कूट प्रसादी कराई गई। यह कार्यक्रम महंत भागचंद शर्मा प्रेमचंद के सानिध्य में हुआ। इस कार्यक्रम में सेवा निर्मित अधीक्षण अभियंता सुरेशचंद जिंदल, चंचल अठावाल, गुड्डू सेठ, पूरनचंद, सेठ डिंपल जिंदल, ख़ेम लवानिया, विष्णु मित्तल पत्रकार आदि का विशेष सहयोग रहा। इसी प्रकार श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर पर महंत सुरेश मुदगल एव श्री विजय हनुमान मंदिर पर गोविंद प्रसाद शर्मा की सानिध्य में अन्न कूट प्रसादी का आयोजन किया। इन सभी धार्मिक स्थान पर भारी संख्या में ठाामीणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के नाम पर भाई के साथ मिलकर बेटे और बहू को उतारा मौत के घाट

**करौली,**-(नि.स.)करौली जिले में कैलादेवी के दर्शन कर लौट रहे पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या की साजिश युवक की मां ने रची थी। मां ने अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के नाम पर भाई के साथ मिलकर अपने बेटे और बहू कि हत्या करवा दी। पुलिस ने 250 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की जांच कर मामले का खुलासा किया। युवक की मां, मामा और उसके नौकर को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया आरोपी मां को बेटे और उसकी बहू के अवैध संबंधों के सार्वजनिक होने का भय था। उसने अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होने से बचाने के लिए हत्या कराई थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी के प्रयास कर रही है। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने से पहले एक महीने तक हत्या स्थल,आवागमन के मार्ग सहित विभिन्न गतिविधियों की बाकायदा रेकी की थी। उन्होने बताया कि आगरा उत्तर प्रदेश के सांथा किरावली निवासी विकास 22 पुत्र जितेंद्र और दीक्षा 18 पुत्री सियाराम की मासलपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव के पास करौली-आगरा रोड पर मंगलवार देर रात गोली मारकर हत्या की गई थी। उनके शव बुधवार प्रात:8:00 बजे सड़क पर खड़ी एक कार में पड़े मिले थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि विकास और दीक्षा कैलादेवी के दर्शन कर लौट रहे थे। कैलादेवी में सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो उनके साथ एक और युवक नजर आया। उसकी पहचान चमन खान पुत्र राजू खान निवासी ईंटकी गांव थाना कोलारी के रूप में हुई।

## युवक की सड़क हादसे में मौत

**करौली,** (नि.स.) दीपावली पर पुणे से अपने घर लौट रहे एक युवक की करौली-गंगापुर मार्ग स्थित रुंडी का बालाजी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक की मौत से दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई। युवक का शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। कुड़गांव थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुड़गांव थाना एएसआई हरकेश ने बताया कि करसाई थाना क्षेत्र के बामनपुरा गांव निवासी मुकेश (29) पुत्र रामजीलाल पुणे में पत्थर घिसाई और टाइल्स लगाने का काम करता था। दीपावली के त्योहार के चलते गुरुवार को शाम पुणे से रेल द्वारा गंगापुर पहुंचा और गंगापुर से अपनी बहन की मोटर साईकिल लेकर बामनपुरा गांव लौट रहा था। इस दौरान करौली-गंगापुर मार्ग स्थित कुड़गांव से पहले रुंडी का बालाजी के पास राम करीब 8:00 बजे मोटरसाईकिल बेकाबू होकर फिसल गई।

# धूमधाम के साथ मनाया दीपावली का पर्व

**करौली,** (नि.स.) करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ठाामीण क्षेत्रों में दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई भी तो वही जिला पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कांस्टेबलों और निशुल्क भोजनशाला समिति के सदस्यों ने गरीबों के बीच पहुंचकर दीपावली का पर्व मनाया। करौली जिला मुख्यालय पर 31 नवंबर को दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर प्रात: लोगों ने अपने घर और दुकानों की साफ सफाई कर सजावट की एवं शाम को रंगीन सजावट के साथ दीप जलाते हुए लक्ष्मी पूजन कर एक दूसरे को बधाइयां दी इस दौरान लोगों ने जमकर आतिशबाजी की दीपावली पर्व के दिन करौली शहर के विभिन्न प्वाइंटों पर कानून और शांति व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस के जवान दिन भर मुस्तैद नजर आए शाम के समय जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कोतवाली के कार्यवाहक थाना अधिकारी निरंजन कुमार शहर में पैदल पैदल घूमते हुए विभिन्न प्वाइंटों पर पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस जवानों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई के पैकेट भेंट करते हुए कहा कि आप भी हमारे परिवार के सदस्य हो आपका परिवार घर पर दीपावली मना रहा है लेकिन आप यहां ड्यूटी पर तैनात रहकर अपने कर्तव्य निष्ठा का पालन कर रहे हैं इस अवसर पर पुलिस जवानों ने भी अधिकारियों को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की इसके अलावा करौली के वजीरपुर गेट बाहर संचालित श्री राधा मदन मोहन निशुल्क भोजशाला में भी करौली चेतक सिविल डिफेंस अकादमी के डायरेक्टर भल्लू सिंह गुर्जर की ओर से गरीबों को प्रसादी ठाहण कराई गई इस अवसर पर भोजन शाला समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदल, पदाधिकारी प्रहलाद सिंहल, अमर सिंह तॅवर,धर्मेंद्र सिंह जादौन,अठावाल समाज करौली अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रदीप गुर्जर आदि ने भोजन प्रसादी ठाहण करने आए गरीब निर्धन तबके के लोगों को भोजन शाला समिति कि ओर से मिठाई के पैकेट भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी दीपावली के पर्व पर करौली शहर के बाजारों में दिनभर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हलवाइयों और मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर जमकर बिक्री हुई।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद किया

■ पदयात्रा सोमवार शाम करणपुर पहुंचेगी

**करौली**, (नि.स.) जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रंद्धाजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य इंदिरा गांधी के महान योगदान और बलिदान को याद करना तथा उनके प्रति सम्मान प्रकट करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:11:00 बजे पीसीसी सदस्य महेंद्र सुरौठिया के निवास पर हुई जहां कांठोस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं,कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के प्रमुख नेताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन और उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए। प्रदेश महासचिव कन्हैया लाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की प्रगति और एकता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने देश को अनेक चुनौतियों से उबारा। आज हम सभी को उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यकता है। प्रदेश सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन देशभक्ति, साहस और नेतृत्व का प्रतीक था। उनके नेतृत्व में भारत ने अनेक महत्वपूर्ण बदलाव देखे और उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इंदिरा का योगदान हर क्षेत्र में अद्वितीय था चाहे वह हरित क्रांति हो, बैंकों का राष्ट्रीयकरण हो, या बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में भारत का समर्थन। उन्होंने अपने अदम्य साहस और दूरदर्शिता से देश को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। इसके बाद, उपस्थित जनसमूह ने इंदिरा गांधी के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कि। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान करते हुए इंदिरा गांधी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर पीसीसी महासचिव कन्हैया लाल शर्मा, पीसीसी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज,पीसीसी सचिव पुष्पेंद्र मीना,पीसीसी सदस्य महेंद्र सुरोठिया,जिला कांठोस सचिव शिवकुमार शर्मा,अफजाल कुरैशी, विकाश जाटव, आरजीपीआरएस जिला अध्यक्ष चैनसिंह मीना,रामगिलाश जाटव,अंकुश मीना,चांद कुरेशी आदि ने उपस्थित रहकर श्रंद्धाजलि अर्पित कि।

# अन्नकूट महाप्रसादी की झांकी सजाई

**गंगापुर सिटी** दीपोत्सव के त्योहार पर गुरुवार शाम घरों और बाजारों को रंग बिरंगी रोशनी और लाइटिंग से अलग-अलग थीम पर सजाया गया है। लोगों ने शुभ मुहूर्त के साथ अपने घर प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी माता की विशेष पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की है। वहीं, घर परिवार के लोगों ने लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना के बाद अपने से बडों से आशीर्वाद लेकर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। बाजारों में रंग बिरंगी रोशनी के साथ लोग सेल्फी लेते हुए नजर आए। साथ ही फेसबुक, वॉट्सऐप, सोशल मीडिया पर रील बनाकर अपलोड की जा रही है। दीपोत्सव के मौके पर बच्चों ने घरों में फूलों से और रंग कलर से भी अलग-अलग थीम की रंगोली बनाई गई है। दीपावली को लेकर गुरुवार को भी लोगों ने लक्ष्मी पूजन कर आतिशबाजी की। जिले में इस साल दीपावली का त्योहार दो दिन मनाया जा रहा है। गुरुवार को जिले में जहां लोगों ने पूरे उत्साह के साथ दीपावली का पर्व मनाया, तो वहीं शुक्रवार को भी दीपावली का पर्व मनाया गया। माता चक्रपाणि मंदिर के सेवक अशोक आचार्य ने बताया कि अमावस्या में कुल देवताओं की पूजा का विधान है। कुल देवताओं की पूजा के बाद ही लक्ष्मी पूजन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को गंगापुर सिटी शहर सहित आसपास के क्षेत्र में शाम को शुभ मुहूर्त में लोगों के द्वारा माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। लक्ष्मी पूजन का कार्यक्रम रात करीब 9 बजे तक चला। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी। साथ ही लोगों ने लक्ष्मी पूजन के बाद जमकर आतिशबाजी की। बच्चों ने भी फुलझडी पटाखे चलाकर आनंद लिया।

## विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार रखे

**भरतपुर** (निस)। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के 40वें बलिदान दिवस व पूर्व गृह मंत्री स्व. सरदार बल्लभ भाई पटेल के 149वें जन्म दिवस पर श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह बगीची भरतपुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जिला कांठोस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान ने कहा कि देश के नव निर्माण में इंदिरा गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है व आजादी के संघर्ष व आजादी के बाद सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा देश की 542 रियासतों को देश में शांतिपूर्वक बनाए रखा।

## दीपावली के पर्व पर लोगों ने जमकर खरीदारी की

■ पंचदीवसीय दीपोत्सव का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**भरतपुर,** (निस)। पंचदीवसीय दीपोत्सव का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली पर्व के अवसर पर लोगों के द्वारा जमकर खरीदारी की गई। लोगों की जमकर खरीदारी के चलते व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। वहीं बाजार में लोगों की भीड की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। बडे वाहनों को रोकने के लिए अमूमन हर रास्ते पर लोहे की चेन से बेरिकेटिंग की गई है। इस बार दीपावली का पर्व दो दिन मनाया जाना है। हालांकि पण्डित व शास्त्र के ज्ञानियों के अनुसार 31 दिसम्बर को दीपावली का पर्व मनाया जाना है। लेकिन कुछ विद्ववानों के द्वारा 1 नवम्कर को भी दीपावली का पर्व मनाया जाने की बात कही है। दीपावली हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार है। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर दीपावली का पर्व मनाया जाता है। दीपावली पर लोगों के द्वारा अपने घरों को रोशनी व फूलों से सजाया गया। लोग दीपावली त्यौहार का बेसब्री से इंतजार करते है। लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों एवं घरों पर शुभ मुहुर्त पर विधी विधान से गणेश जी व मां लक्ष्मी की पूजा कर अपने परिवार की मंगल कामना एवं सुख समृद्वि की कामना की। दीपावली पर लोगों के द्वारा नए कपडे, गहने, मिठाईयों की जमकर खरीदारी की गई। त्यौहार को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा गया। लोगों के द्वारा दीपक, कपडे, मिठाईयां खरीदी की गई। वहीं महिलाओं के द्वारा घरों की सजावट का सामान खरीदा गया। रोशनी के लिए रंगबिरगी झालर खरीदी की दुकानें सजी थी। खील बताशे खरीदे गए। बाजार में इतनी भीड है कि वाहन चालकों को रैंग रैंग कर चलने को मजबूर है। कोरोना के बाद पहली बार बाजार में इतनी भीड देखी गई है। लोगों के द्वारा सोने चांदी के गहने खरीदे गए। वहीं व्यापारियों के द्वारा भी बाजार को भव्य रोशनी से सजाया गया। वहीं प्रशासन के द्वारा शहर के प्रमुख इमारतों पर रोशनी व सजावट कराई गई। जिला प्रशासन के द्वारा दुकानदारों को सबसे अच्छी सजावट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी प्रकार दीपावली पर्व पर काफी संख्या में लोगों ने वाहनों की भी खरीदारी की।

# धूमधाम के साथ मनाया गोवर्धन जी का पर्व



करौली के मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में गोवर्धन महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना करते लोग

**करौली ।** करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को गोवर्धन जी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर लोगों ने भगवान गोवर्धन जी की पूजा अर्चना कर अन्नकूट की प्रसादी का भोग लगाया।

करौली के जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर सहित गोविंद देव जी महाराज के मंदिर और गोपाल जी मंदिर, नवल बिहारी मंदिर के अलावा शहर के विभिन्न कृष्ण मंदिरों में गोवर्धन जी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर लोगों ने गोबर से भगवान गोवर्धन जी की प्रतिमा तैयार कर पूजा अर्चना कर आरती उतारी इस अवसर पर पूरे शहर में भगवान गोवर्धन जी महाराज के जयकारे गूंजते रहे वहीं लोगों ने गोवर्धन जी महाराज कि परिक्रमा लगाते हुए गोवर्धन कि परिक्रमा दो कुंड कुंड चरण मत लो अपना जीवन सफल कर लो के जयकारा लगाते हुए पूजा अर्चना करते हुए अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाते हुए पंगत में लोगों को प्रसादी ग्रहण कराई।

## दीपावली के दूसरे दिन आर्य समाज भगवती नगर ने किया अन्नकूट

**गंगापुर सिटी,**। शहर में हर साल की तरह इस साल भी दीपावली पर्व के मौके पर आर्य समाज भगवती नगर की ओर से शुक्रवार को अन्नकूट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर गरमा-गरम अन्नकूट की प्रसादी का आनंद लिया। गौरतलब है की हर साल आर्य समाज भगवती नगर की ओर से अन्नकूट का आयोजन किया जाता है। इस साल भी आर्य समाज भगवती नगर की ओर से आर्य समाज मंदिर भगवती नगर के पास ही भगवती पैलेस में अन्नकूट का आयोजन किया गया। अन्नकूट प्रसादी बनाने के लिए शुक्रवार अल सुबह ही दर्जनों हवाई प्रसादी तैयारी करने में जुट गए। इस दौरान हलवाइयों के द्वारा कडी और बाजार की अन्नकूट प्रसाद तैयार किया गया। आयोजकों ने बताया कि करीब 2 क्विंटल बाजारा, एक क्विंटल चावल और चौडा की दाल और करीब तीन क्विंटल सब्जी से कडी बाजरे की प्रसादी तैयार की गई। प्रसाद तैयार होने के बाद भगवान को भोग लगाया गया और इसके बाद में सभी को प्रसादी जिमाई गई। प्रसादी लेने के लिए हजारों लोग भगवती पैलेस पहुंचे यहां पर लोगों ने पंगत में बैठकर गरमा-गरम कडी और बाजरे की प्रसादी का आनंद लिया।

## पूर्वजों को याद करने के बाद मनाई जाती है दीपावली

**गंगापुर सिटी,**। समीपवर्ती कुनकटा कलां गांव क्षेत्र में दीपावली के दिन त्रेता युग से चली आ रही श्राद्ध करने और छांट भरने की परंपरा आज भी कायम है। दीपावली के दिन गुर्जर और अन्य समाजों के लोग नदी पर जाकर सामूहिक रूप से अपने पितरों का तर्पण करते हैं। साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मान्यता के अनुसार यह कार्य भगवान राम के वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने के बाद दीपावली के दिन अपने पिता दशरथ के तर्पण से चला आ रहा है। जिसके तहत देश के नहीं विदेश के भी गुर्जर समाज के लोग इसी दिन अपने पितरों का तर्पण करते हैं। गुर्जर समाज के लोग अपने पूर्वजों की याद में दीपावली के दिन बडी अमावस पर छांट भरते हैं और पानी का तर्पण करते हैं। जिसे वह पवित्र और पुण्य का कार्य मानते हैं। तालाबों, नदियों और अन्य जल स्त्रोतों को शुद्ध रखने की सीख मिलती है। इस परंपरा से आपसी भाईचारा भी बढता है। छांट भरने के बाद ही समाज के लोग दीपावली की खुशियां मनाते हैं।


पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/15(2024-25)

दिनांकः 25.10.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या- ईएल/50/222/2024-25, कार्य का नाम-** कोटा स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1 और 2/3 (02 नंबर) मेक - मेट्रो, सवाई माधोपुर स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1 और 4 (02 नंबर) मेक - ओटिस और गंगापुर सिटी स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1 और 2/3 (02 नंबर) मेक थाइसनक्रुप पर स्थापित यात्री लिफ्ट (लिफ्ट) का कोम्प्रेंसिव वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC) स्टेशन दो साल की अवधि के लिए। **अनुमानित लागत (रू. में)-** 19,24,923.12, **बयाना राशि (रू.मं.)** - 38,500/-, **कार्य समाप्ति अवधि-** 24 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय-** 19.11.2024 को 15:00 बजे तक एंव खुलने का समय 15:15 बजे तक, **निविदा संख्या- ईएल/50/223/2024-25, कार्य का नाम-** तुगलकाबाद - 300 लोकोमोटिव होल्डिंग के लिए विदयुत लोको शेड/तुगलकाबाद का विस्तार। **अनुमानित लागत (रू. में)-** 52,30,234.69, **बयाना राशि (रू.मं.)** - 1,04,600/-, **कार्य समाप्ति अवधि-** 06 माह, **उपरोक्त सभी निविदा में निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय-** 19.11.2024 को 15:00 बजे तक एंव खुलने का समय 15:15 बजे तक, ऑफर केवल ई टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास ।।। डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर